तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

12 माता रानी के आगमन पर झूम उठा शहर...



12 अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग को रावघाट...



खबर संक्षेप



देव दशहरा में शामिल होने सीएम को किया आमंत्रित

सरोना। गोंडवाना समाज समन्वय समिति बस्तर संभाग और संविधान पुरुष ठाकुर रामप्रसाद पोटाई स्मृति देव दशहरा समिति के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और देव दशहरा महापर्व में शामिल होने का आमंत्रण दिया। यह आयोजन 19 अक्टूबर, सोमवार को कन्हारपुरी में होगा।

मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना से मिली सहायता



कांकेर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महला में आयोजित सेवा सेतु शिविर में पीव्ही 107 निवासी सविता सरकार को मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत 20 हजार की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। सांसद, अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार ने उन्हें चेक वितरित किया। सविता सरकार इस राशि का उपयोग अपने घर के जारूरी कामों में करेंगी। उन्होंने सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन से मिली यह राशि उनके सपने को पूरा करने में सहायक होगी।

अमोदिनी विश्वास को मिला निःशुल्क चश्मा

कांकेर। सेवा संकल्प अभियान के तहत कोयलीबेड़ा विकासखंड के



ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर सह मेगा स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंदों के लिए राहत का सहारा बन रहा है। पखांजूर तहसील के संगम बाजारपारा निवासी अमोदिनी विश्वास की शिविर में विशेषज्ञों ने निःशुल्क नेत्र जांच की और उन्हें चश्मा प्रदान किया। उन्होने बताया कि निजी चिकित्सक से जांच कराने और चश्मा खरीदने में खर्च करना पड़ता, लेकिन शिविर में यह सुविधा निःशुल्क मिली।

मुख्यमंत्री ने मंच निर्माण के लिए मंजूर किए 15 लाख

चारामा। राजधानी रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय करम परब महोत्सव में मुख्यमंत्री ने कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम जेपरा में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज के अध्यक्ष हरवंश सिंह मिरी ने बाजार चौक में मंच निर्माण की मांग रखी थी। सांस्कृतिक मंच बनने से ग्राम जेपरा में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे पारंपरिक पर्वों, सामुदायिक कार्यक्रमों और स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

रावघाट से रायपुर के बीच आज से शुरू होगी नई ट्रेन

कांकेर। अंतागढ़ क्षेत्रवासियों को रेल सुविधा में राहत मिलने की उम्मीद है। रेल्वे विभाग के अनुसार 12 अक्टूबर से रावघाट और रायपुर के बीच नई यात्री ट्रेन सेवा शुरू होगी। ट्रेन सुबह 6:30 बजे रावघाट से रवाना होकर दोपहर 1 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में दोपहर 1:20 बजे रायपुर से चलकर शाम 7 बजे रावघाट पहुंचेगी। इससे व्यापार, शिक्षा और इलाज के लिए यात्रियों को सुविधा मिलेगी। समय-सारणी की अधिकारिक पुष्टि बाकी है।

हाहालद्दी में माँ बंजारी के दरबार में नवरात्रि की धूम, उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर ग्राम हाहालद्दी स्थित पल्लामारी पहाड़ावली बंजारी माता मंदिर में आस्था और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्र के प्रथम दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ मंदिर में 635 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए।

दीपों की जगमगाती रोशनी से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा और मां बंजारी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के भक्तों ने ज्योति कलश स्थापित कराए हैं, वहीं जर्मनी में रहने वाले श्रद्धालुओं की आस्था भी इस मंदिर से जुड़ी हुई है।

बंजारी माता मंदिर में प्रज्ज्वलित हुए 635 मनोकामना ज्योति कलश

जर्मनी तक पहुंची मां बंजारी के दरबार की आस्था

जानकारी के अनुसार, जर्मनी में रहने वाले डॉ. चित्रा परिहार दीक्षित और सुमित जादौन पिछले पांच वर्षों से लगातार मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलित कराते आ रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु भी मां बंजारी के दरबार में ज्योति कलश स्थापित कर अपनी आस्था प्रकट करते हैं।



शुभारंभ में यह रहे शामिल

महोत्सव के शुभारंभ पर मंदिर समिति के संरक्षक आरसीएल श्रीवास्तव, घनश्याम सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, जीवन सिन्हा, मोहन सिन्हा और हरिशचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष अनिल सिन्हा एवं भगवानी सिन्हा, सहसचिव मुकेश गावड़े, कोषाध्यक्ष सावत राम साहू तथा सदस्य गोवर्धन नरेटी, सोहन सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, पंकज सिन्हा, सोमल जैन और सरवन निषाद सहित अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

नवरात्र महोत्सव के प्रथम दिन पंडित तामेश्वर तिवारी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। बंजारी माता मंदिर समिति के सचिव हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

प्रतिदिन विधि-विधान से मां बंजारी की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके साथ ही जसगीत, रामधुनी और धार्मिक पाठ के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया जाएगा। नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा और श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना शेष पेज 10 पर

25 हेक्टेयर के रोपण क्षेत्र में बेदखली की कार्रवाई के दौरान हुआ विवाद

शासकीय कार्य में बाधा डालने पर जनपद सदस्य और निर्माण समिति के अध्यक्ष दास गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजूर तहसील के पीव्ही 52 जयपुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कोयलीबेड़ा विकासखंड के गोंडाहुर क्षेत्र के जनपद सदस्य वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा। इस मामले में वनपाल एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी हांकेर गोदावरी कोर्राम की शिकायत पर गोंडाहुर थाना की पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

वनपाल गोदावरी कोर्राम ने पुलिस को बताया कि 9 अक्टूबर को जानकारी मिली कि कक्ष क्रमांक आरएफ/1142 के अंतर्गत आने वाले आरक्षित वनक्षेत्र में स्थित 25 हेक्टेयर के रोपण स्थल पर कथित रूप से अवैध अतिक्रमण कर मक्का की खेती की जा रही है। शिकायत में इस अतिक्रमण के लिए परिमल दास पिता हरिमोहन दास निवासी पीव्ही-52 जयपुर का नाम उल्लेखित किया गया है।

ग्रामीणों ने किया विवाद

घटनास्थल पर विवाद की स्थिति बनने के बाद गांव के कुछ लोग भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आपसी विवाद को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद नहीं सुलझने पर वे अपने-अपने घर लौट गए। वन विभाग की ओर से दिए गए आवेदन में दैनिक श्रमिक दुर्गूराम पिता बुधुराम, लक्ष्मण पद्दा पिता कृपाराम और नेवरू राम पिता दारू राम, सभी निवासी गोण्डाहूर विवाद के दौरान उपस्थित थे।



गड़बड़ी के मामले

- आरोपी जनपद सदस्य धान खरीदी में गड़बड़ी के मामले में जा चुका है जेल
- ग्रामीणों ने जनपद सदस्य के द्वारा अवैध ढंग से बनाए गए अवैध पट्टे के जाँच की किया माँग

एफआईआर दर्ज कर किया गिरफ्तार

वनपाल गोदावरी कोर्राम की शिकायत पर गोंडाहुर पुलिस ने आरोपी जनपद सदस्य व निर्माण समिति के अध्यक्ष हरिमोहन दास के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 132 के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिमांड में लेकर उसके द्वारा किए गए कई कारनामों की भी जाँच हो सकती है।

पहले भी जा चुका है जेल

गोण्डाहूर के धान खरीदी में 2012-13 में फड़मुंशी के रूप में कार्यरत था, उसी वर्ष धान खरीदी के दौरान 1521.73 क्विंटल धान की कमी पाई गई थी। विभागीय जांच एवं राशि वापसी के प्रयासों के बाद भी पूरी राशि जमा नहीं होने पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। धान खरीदी के दौरान 20 लाख 13 हजार 248 रुपये की कथित गड़बड़ी कर लिया था। शिकायत पर हरिमोहन दास के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 408, 409, 420 एवं 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

वन विभाग की टीम 10 अक्टूबर को संबंधित स्थल पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने एवं बेदखली की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद थे और निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही थी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कथित अतिक्रमणकर्ता के पिता 45 वर्षीय हरिमोहन दास पिता स्व. चकरी दास निवासी पीव्ही52 जयपुर मौके पर पहुंचकर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके इस व्यवहार से विभागीय अमले के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। कार्रवाई के दौरान मौके पर वन विभाग के वनपाल एलआर भगत, धर्मेन्द्र निषाद, विनोद कुमार हिडको, कविता नरेटी, प्रीति दुग्गा, गनेशिया ध्रुव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। टीम आरक्षित वनक्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही थी, तभी यह विवाद सामने आया।

जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव

आठ वर्गों में पशुधन की प्रतियोगिताएं आयोजित



कांकेर। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में पशुधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्नत पशुपालन, पशुधन संवर्धन और पशुओं की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत 10 अक्टूबर को विकासखंड कांकेर के ग्राम कोदागांव में जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में पशुपालकों ने अपने उत्कृष्ट पशुओं का प्रदर्शन किया। विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं ने पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के साथ पशुधन की बेहतर शेष पेज 10 पर

योजनाओं की दी गई जानकारी

कार्यक्रम के दौरान पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को पशुपालन के महत्व, पशुधन संवर्धन और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। पशुपालकों को पशुओं की बेहतर देखभाल, उन्नत पशुपालन पद्धतियों को अपनाने तथा पशुधन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों को पशुपालन के प्रति जागरूक करना और इसे आजीविका के बेहतर साधन के रूप में विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

पुलिस ने दुर्गा पूजा, गरबा और डीजे संचालकों की ली बैठक

शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

दुर्गा पूजा और गरबा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए चारामा पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने आयोजन समितियों, गरबा आयोजकों और डीजे संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही न हो और सभी समितियां शेष पेज 10 पर

समितियों से सहयोग करने की अपील

पुलिस ने विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश, बैरिकेडिंग, चिकित्सा -आपातकालीन सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ आयोजन समितियों एवं स्वयंसेवकों के बीच समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। चारामा पुलिस ने दुर्गा पूजा समितियों, गरबा आयोजकों, डीजे संचालकों और नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा आपसी सहयोग, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ पर्व मनाएं।

परतापुर विद्यालय में भवन और डोम शेड निर्माण की मांग

पखांजूर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परतापुर में नवीन भवन, डोम शेड, सुसज्जित पुस्तकालय और प्रयोगशाला निर्माण की मांग उठी है। शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अमृत लाल टांडिया ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर में ज्ञापन सौंपा। वर्ष 1988-89 में स्थापित विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक लगभग 350 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। कमरों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। समिति ने कृषि संकाय शुरू करने सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

21 छात्राओं को लगा एचपीवी टीका

दुर्गूकोंदल। बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से 10 अक्टूबर को सेजेश विद्यालय दुर्गूकोंदल में स्वास्थ्य जागरूकता एवं टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया। 21 छात्राओं को एचपीवी का टीका लगाया और स्वास्थ्य परीक्षण व नेत्र जांच की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे एवं डॉ. चंदन बैरागी ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने, मलेरिया के लक्षण और बचाव संबंधी जानकारी दी।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार दो और आरोपी गिरफ्तार भारी मात्रा में खाली बोतलें और होलोग्राम हुए थे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर पुलिस ने अवैध शराब में मिलावट और अनधिकृत पैकेजिंग में उपयोग की आशंका से जुड़े मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों पुरुषोत्तम गुप्ता और इंद्रजीत गुप्ता उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज चुकी है। मामले में विभिन्न ब्रांडों की हजारों खाली शराब की बोतलें, पौवा, स्टीकर, होलोग्राम और ढक्कन बरामद किए गए थे।

पुलिस के मुताबिक लगभग एक माह पहले भानुप्रतापपुर के बसंतनगर नारायणपुर स्थित उत्तम देवनाथ के किराए के मकान में अवैध शराब में मिलावट के उद्देश्य से शराब की खाली बोतलें, पौवा, स्टीकर, होलोग्राम और ढक्कन रखे गए हैं।

पुलिस के हत्थे चढ़े दो और फरार आरोपी

जेल पहुंचे कुल 10 शातिर



आठ आरोपी जा चुके हैं जेल

इस मामले में पुलिस ने 15 सितंबर को प्रेम सिंह, उमेंद्र बघेल, रोहित देवांगन, प्रदीप सलाम उर्फ प्रदीप ध्रुव, बुलेश देवांगन, गजेंद्र बघेल, जितेंद्र यादव और नवाब अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब फरार आरोपी पुरुषोत्तम गुप्ता निवासी गरियाबंद और इंद्रजीत गुप्ता उर्फ गोलू को भी गिरफ्तार किया गया है।

सूचना पर पुलिस टीम ने मकान की तलाशी ली, जहां से बड़ी मात्रा में उक्त सामग्री के साथ जम्मू स्पेशल व्हिस्की के 180 एमएल के 30 भरे पौवा बरामद किए गए। पुलिस ने सामग्री जब्त कर अपराध दर्ज किया और विवेचना शुरू की। इस मामले में दो अधिकारी निलंबित भी हो चुके है।

जाँच किस दिशा में चल रही है, विभाग ने आज तक इसका खुलासा नहीं किया, वहीं पुलिस ने अपने स्तर में इस मामले में अभी तक 10 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज के द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

पीएससी, बैंकिंग, पुलिस, वन विभाग और शिक्षक भर्ती की तैयारी

मावा मोदोल लाइब्रेरी से कोयलीबेड़ा के युवाओं को मिलेगी सफलता की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कभी नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले कोयलीबेड़ा में अब शिक्षा और सफलता के नए सपनों को पंख देने की पहल शुरू हुई है। संसाधनों की कमी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दूरस्थ शहरों पर निर्भर रहने वाले युवाओं को अब अपने ही क्षेत्र में पढ़ाई का बेहतर माहौल मावा मोदोल में मिलेगा, इसका शुभारंभ सांसद एवं विधायक की उपस्थिति में हुआ।

कोयलीबेड़ा में मावा मोदोल लाइब्रेरी की शुरुआत केवल एक पुस्तकालय खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने की दिशा में

75 सीटें 5 पालियों में होगी पढ़ाई

मावा मोदोल लाइब्रेरी में एक समय में 75 विद्यार्थियों के बैठकर अध्ययन करने की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लाइब्रेरी का संचालन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक पांच पालियों में किया जाएगा। इससे अलग-अलग समय पर अधिक से अधिक विद्यार्थी यहां पहुंचकर पढ़ाई कर सकेंगे। निःशुल्क सुविधा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा।

नक्सल प्रभावित कोयलीबेड़ा में शिक्षा की नई अलख



संसाधनों की कमी अब नहीं बनेगी राह में बाधा

जिला प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र में अध्ययन की संस्कृति विकसित होने, युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि बढ़ने और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद है। अब मावा मोदोल लाइब्रेरी कोयलीबेड़ा के युवाओं के लिए ज्ञान, महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी और दूरस्थ शहरों पर उनकी निर्भरता कम हो सकेगी। जिला प्रशासन की पहल पर शुरू हुई मावा मोदोल लाइब्रेरी स्थानीय विद्यार्थियों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है।

लाइब्रेरी के शुभारंभ के दौरान ही 300 से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन होना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र के युवा अपने भविष्य को संवारने के लिए कितने उत्साहित हैं। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराना और उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करना है।

पीएससी से लेकर पुलिस भर्ती तक की तैयारी

लाइब्रेरी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी), कर्मचारी चयन मंडल, बैंकिंग, पुलिस भर्ती, वन विभाग, शिक्षक भर्ती सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी पुस्तकों और अध्ययन सामग्री की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ऐतिहासिक महत्व की पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं।

बस्ता-मुक्त दिवस पर हुनर की पाठशाला बना नवोदय विद्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पढ़ाई का मतलब केवल किताबों तक सीमित रहना नहीं, बल्कि अपने हुनर को पहचानना और उसे नई उड़ान देना भी है। इसी सोच को साकार करते हुए पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय करप में बस्ता-मुक्त दिवस (बैगलेस डे) विद्यार्थियों के लिए हुनर की पाठशाला बन गया है।

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में 8 से 15 अक्टूबर तक आयोजित शेष पेज 10 पर

16 रचनात्मक गतिविधियों से निखरेगी प्रतिभा

कार्यक्रम के आगामी चरण में ओरिगामी, वाटर कलर पेंटिंग, डूडल आर्ट, लोक चित्रकला, फ्लावर पॉट डिजाइन, कोलाज मेकिंग, कार्डबोर्ड क्राफ्ट, ग्रेन आर्ट, स्क्रैपबुक मेकिंग, कैनवास पेंटिंग, कैलिग्राफी, कैरिकेचर, स्केचिंग और चारकोल पेंटिंग सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनका संचालन कला शिक्षक खेमलाल साहू के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

खबर संक्षेप

सड़क हादसे में प्रधान अध्यापक की मौत, साथी शिक्षक घायल



फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर लंजोड़ा और कोसागांव के बीच शनिवार शाम करीब 7 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक सरादु नेताम (50) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे शिक्षक बृजलाल नेताम (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतक सरादु नेताम ग्राम भर्रीपारा बहीगांव निवासी थे और प्राथमिक शाला हरवाकोडो में प्रधान अध्यापक के पद पर पदस्थ थे। वहीं घायल बृजलाल नेताम ग्राम चेरबेड़ा बहीगांव निवासी हैं और प्राथमिक शाला ओगलादेही में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। दोनों शिक्षक कोंडागांव से अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि उनकी बाइक पहले ट्रक से टकराई, जिसके बाद वहां से गुजर रही कार ने भी उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सरादु नेताम मौके पर ही दम तोड़ दी।

फरसगांव में चलाया गया स्वच्छता अभियान युवाओं ने किया श्रमदान

फरसगांव। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को फरसगांव नगर के वार्ड क्रमांक 07 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मां दुर्गा मंदिर, गांधी चौक एवं बस स्टैंड के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद की फरसगांव इकाई में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद संगीता राव, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी सहित बप्पा नदी उपस्थित रहे।

NH-30 पर सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई कर युवाओं ने पेश की मिसाल, सड़क सुरक्षा के लिए बढ़ाए कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ग्राम चिचाड़ी के मोड़ के पास सड़क किनारे उगी घनी घास और झाड़ियों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। झाड़ियों की वजह से सामने से आने वाले वाहनों को देखने में कठिनाई होती थी, जिससे इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। समस्या की गंभीरता को समझते हुए जय इंग्लाजीन बूढ़ी माई युवा-युवती संगठन सोड़ापारा, चिचाड़ी के सदस्यों ने जनहित में सराहनीय पहल करते हुए सड़क किनारे उगी घास और झाड़ियों की साफ-सफाई की। संगठन के सदस्यों ने स्वयं आगे आकर सफाई कार्य किया, ताकि सड़क के मोड़ पर वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों की स्थिति स्पष्ट दिखाई दे सके।

झाड़ियों की वजह से थी दुर्घटना की आशंका



सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश

संगठन के सदस्यों की इस पहल ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों के मोड़ों पर झाड़ियों के कारण दृश्यता प्रभावित होने की स्थिति में समय रहते सफाई करना आवश्यक है। जय इंग्लाजीन बूढ़ी माई युवा-युवती संगठन सोड़ापारा, चिचाड़ी की इस पहल से सामाजिक संगठनों और युवाओं को जनहित के कार्यों में आगे आने की प्रेरणा मिलती है। स्थानीय स्तर पर किए गए ऐसे प्रयास न केवल आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सहयोग, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं।

जनहित को प्राथमिकता देकर किया श्रमदान

जय इंग्लाजीन बूढ़ी माई युवा-युवती संगठन के सदस्यों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए यह कार्य किया। संगठन की इस पहल से यह संदेश मिलता है कि गांव और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में स्थानीय युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई का यह कार्य भले ही छोटा दिखाई दे, लेकिन इसका उद्देश्य वाहन चालकों की सुरक्षा और आम लोगों को आवागमन में सुविधा प्रदान करना है।

बस्तर पुलिस क्रिकेट लीग में कांकेर की टीम बनी चौंपियन, नारायणपुर उपविजेता

बस्तर रेंज क्रिकेट प्रतियोगिता में कांकेर ने गाड़ा जीत का झंडा, आईजी मीना ने बढ़ाया जवानों का हौसला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पुलिस बल में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक फिटनेस और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस लाइन कोण्डागांव में आयोजित तीन दिवसीय बस्तर पुलिस क्रिकेट लीग 2026 का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। 8 से 10 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बस्तर रेंज के सात जिलों बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा की पुलिस टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कांकेर पुलिस टीम ने खिताब अपने नाम किया, जबकि नारायणपुर की टीम उपविजेता रही। कांकेर के छनेश को मैन ऑफ द मैच तथा कोण्डागांव के मानकू को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

फाइनल में कांकेर का दबदबा, नारायणपुर को मिली उपविजेता की ट्रॉफी

10 अक्टूबर 2026 को कांकेर और नारायणपुर पुलिस टीमों के बीच प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों ने अपने प्रदर्शन के दम पर फाइनल तक का सफर तय किया। मुकाबले में खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का परिचय दिया। फाइनल के परिणाम में कांकेर पुलिस टीम विजेता बनी, जबकि नारायणपुर पुलिस टीम उपविजेता रही।

पुलिस महानिरीक्षक बी.एन. मीना ने मैदान में उतरकर बढ़ाया जवानों का उत्साह

प्रतियोगिता का प्रमुख आकर्षण पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज बी.एन. मीना की सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने स्वयं क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और पुलिस बल में खेल गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया।

सेमीफाइनल में कांकेर और नारायणपुर ने मारी बाजी

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दोनों मुकाबलों के परिणाम के बाद कांकेर और नारायणपुर की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई।

***पहला सेमीफाइनल** : कांकेर ने कोण्डागांव को हराया पहला सेमीफाइनल मुकाबला कांकेर और कोण्डागांव पुलिस टीमों के बीच खेला गया। इसमें कांकेर की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।*

***दूसरा सेमीफाइनल** : नारायणपुर ने सुकमा को दी शिकस्त दूसरे सेमीफाइनल में नारायणपुर और सुकमा की पुलिस टीमें आमने-सामने रहीं। इस मुकाबले में नारायणपुर ने जीत हासिल कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।*

सातों जिलों के पुलिस अधिकारियों की सहभागिता रही खास

बस्तर रेंज के सातों जिलों के पुलिस अधीक्षकों और राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की सहभागिता प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण रही। वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों की एक साथ खेल में भागीदारी से टीम भावना, अनुशासन और सहयोग का संदेश सामने आया। एसपी पंकज चन्द्रा ने जताया आभार पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चन्द्रा, आईपीएस ने प्रतियोगिता में शामिल सभी जिलों की पुलिस टीमों, वरिष्ठ अधिकारियों और खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद की गतिविधियां पुलिस बल को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

वन मंत्री केदार कश्यप ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

बस्तर पुलिस क्रिकेट लीग का उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। प्रतियोगिता में सातों जिलों के पुलिस अधिकारियों, राजपत्रित अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चन्द्रा, आईपीएस के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को नियमित दायित्वों के साथ खेल गतिविधियों से जोड़ना तथा उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना रहा।

नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व शूरू मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ दर्शन के लिए पहुंचे भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

शक्ति की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि के प्रथम दिन केशकाल नगर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई।

समिति के भारती नाग ने बताया कि पंडित कान्हा अग्निहोत्री के द्वारा विधि-विधान के साथ माता रानी की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व का शुभारंभ किया गया। प्रतिमा स्थापना के साथ ही नगर में भक्तिमय वातावरण बनने लगा और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।

नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। इसी के साथ भक्त नौ दिनों तक चलने वाली देवी आराधना में लीन हो जाते हैं। मां दुर्गा समिति द्वारा प्रतिमा स्थापना के बाद धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पूजा-अर्चना की गई।

आस्था और भक्ति का केंद्र बना पूजा स्थल

नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है। इन नौ दिनों में भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। केशकाल नगर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ ही श्रद्धालुओं के बीच पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। भक्तजन माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शासकीय कन्या स्कूल में दिए कानूनी और साइबर सुरक्षा के टिप्स



कोण्डागांव। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्रओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, इससे जुड़े कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण की सचिव गायत्री साय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट तथा पैरालीगल वालंटियर एवं अधिकार मित्र रविन्द्र सिंह बघेल, गुलशन नेताम और वासुदेव मरकाम ने छात्रओं को जागरूक किया।

पात्र व्यक्तियों को मिलती है निःशुल्क विधिक सहायता

कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। भट्ट ने बताया कि मानसिक बीमारी से प्रभावित व्यक्तियों सहित कानून में निर्धारित पात्रता श्रेणियों के लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार है।

विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अंजू मरकाम, व्याख्याता एस.ए. रफिख, के.एस. केमरो सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रओं को मानसिक स्वास्थ्य, विधिक सहायता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के उपाय बताए

शिविर में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन सुरक्षा के विषय पर भी जानकारी दी गई। छात्रओं को बताया गया कि साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से लोगों को डराकर, लालच देकर या उनकी निजी जानकारी हासिल करके ठगी करने का प्रयास कर सकते हैं। उन्हें अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, किसी के साथ ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने तथा संदिग्ध कॉल या संदेशों से सावधान रहने की सलाह दी गई।

छात्राओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करना

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देना था, ताकि जरूरत पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें। विशेष रूप से आपात स्थितियों और आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया गया। शिविर के माध्यम से छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, मानसिक परेशानियों को गंभीरता से लेने और साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

मानसिक स्वास्थ्य को बताया शारीरिक स्वास्थ्य का अभिन्न अंग

शिविर को संबोधित करते हुए प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य का अभिन्न अंग है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहना व्यक्ति के जीवन, शिक्षा, सामाजिक संबंधों और आत्मविश्वास के लिए महत्वपूर्ण है।

शामपुर विद्यालय के पांच एनसीसी कैडेटों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर के पांच राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी कैडेटों का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 2026 के लिए चयन हुआ है। यह शिविर रायपुर के लखौली में आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों के चयन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

तीन दसवीं और दो नौवीं कक्षा के विद्यार्थी चयनित

शिविर के लिए चयनित कैडेटों में कक्षा दसवीं की ज्योति, तुलसीवती एवं अर्चना तथा कक्षा नौवीं की पायल पांडे एवं दिव्या दीवान शामिल हैं। ये सभी कैडेट शिविर में भाग लेकर अपनी शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन संबंधी कौशल को विकसित करेंगे।



प्रशिक्षण शिविर के लिए रायपुर हुए रवाना

चयनित पांचों कैडेट 10 अक्टूबर को कोण्डागांव से रायपुर स्थित प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार वशिष्ठ, एनसीसी प्रभारी मुस्कान गुप्ता एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक मुकेश यादव उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने चयनित कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शिविर में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाने की सलाह दी।

नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने का मिलेगा अवसर

संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिविर में कैडेटों को नए अनुभव प्राप्त करने के साथ अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय कैडेट कोर के आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर मिलेगा।

नवरात्रि के पहले दिन पंजाबी सनातन समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन पंजाबी सनातन समाज धर्मसभा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधि-विधान और भक्तिमय माहौल में किया गया। समाज के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में कोंडागांव के पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और समाज प्रमुख डॉ. एसके कनवर ने भवन का लोकार्पण किया। नवरात्र के अवसर पर यहां नौ दिनों तक माता रानी की पूजा-अर्चना और सेवा की जाएगी। लोकार्पण कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

- डॉ. एसके कनवर ने किया शुभारंभ, नौ दिनों तक होगी माता की पूजा-अर्चना



नौ दिनों तक गूंजेगी माता रानी की आराधना

नवरात्र के प्रथम दिन भवन के लोकार्पण के साथ ही धार्मिक गतिविधियों की शुरुआत हुई। पूरे नौ दिनों तक यहां श्रद्धा और भक्ति के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना की जाएगी। समाज के लोगों के लिए यह भवन धार्मिक आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों और आपसी मेल-मिलाप का प्रमुख केंद्र बनेगा। लोकार्पण के दौरान उपस्थित लोगों ने माता रानी से समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

2 लाख 51 हजार रुपए का सहयोग देकर निभाई सहभागिता

भवन निर्माण में सहयोग की सराहना करते हुए समाज के लोगों ने नारायणपुर निवासी नरेंद्र वरमानी के योगदान की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने पंजाबी समाज के भवन निर्माण के लिए अपने स्व माता पिता के नाम पर 2 लाख 51 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की है। समाज के सदस्यों ने उनके इस योगदान को सामाजिक सहभागिता और सहयोग की भावना का उदाहरण बताया।

एलिसीबा ने बढ़ाया बस्तर का मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की होनहार छात्रा एलिसीबा ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार के दम पर राष्ट्रीय पटल पर जिले और पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर शनिवार को छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया।

- इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना में राष्ट्रीय स्तर पर चयन, शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

शिक्षा मंत्री ने एलिसीबा को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे अंचल से निकलकर किसी छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह सफलता दर्शाती है कि प्रतिभा किसी क्षेत्र विशेष की मोहताज नहीं होती। सही मार्गदर्शन और लगन से सुदूर वनांचल के बच्चे भी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा

शिक्षा मंत्री ने छात्रा के शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग देने हेतु प्रतिबद्ध है। एलिसीबा की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से न केवल बस्तर जिले में, बल्कि पूरे प्रदेश के शैक्षणिक जगत में हर्ष का माहौल है।

पेज 09 के शेष...

हाहालदी में माँ बंजारी...

करेंगे। उन्होंने बताया कि नवरात्र की पंचमी और अष्टमी तिथि पर विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इन अवसरों पर श्रद्धालुओं की भागीदारी के साथ माता की आराधना की जाएगी। मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकें।

आठ वर्गों में पशुधन की...

देखभाल और विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, ग्राम पंचायत सरपंच दूज बाई नेताम सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों और ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयोजन में पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पशु मेला एवं प्रदर्शनी में आठ वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बैल जोड़ी, दुधारू गाय, उन्नत बछिया, स्वस्थ बछड़ा-बछिया, सांड, सूकर, बकरी-बकरा तथा मुर्गी-मुर्गा-बतख की प्रदर्शनी शामिल रही। निर्णायक समिति ने निर्धारित मापदंडों के आधार पर विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट पशुओं का चयन किया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विजेता पशुपालकों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

पुलिस ने दुर्गा पूजा...

शासन के नियमों का पालन सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार साहू एवं एसडीओपी हरीश कुमार पाटिल के मार्गदर्शन में 10 अक्टूबर को थाना चारामा में बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी सुरेश कुमार राठौर की उपस्थिति में दुर्गा पूजा, गरबा आयोजन और विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में दुर्गा पंडालों, जुलूस मार्गों और विसर्जन स्थलों का पूर्व निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सभी समितियों को सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करने और पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मानकों के अनुसार संचालन करने, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने को कहा गया।

बस्ता-मुक्त दिवस पर...

गतिविधियों में विद्यार्थी लकड़ी पर नक्काशी करने, आकर्षक मोमबत्तियां बनाने, जूट से सजावटी वस्तुएं तैयार करने और मेहंदी की खूबसूरत डिजाइन बनाने जैसी कलाओं का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक कौशल और रचनात्मकता विकसित करने का अवसर मिल रहा है। आयोजन प्रभारी श्रुतिलिपि साहू और संचालक खेमलाल साहू के नेतृत्व में विभिन्न कलात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रसेन ठाकुर ने विद्यार्थियों को वुड कार्विंग यानी लकड़ी पर नक्काशी की कला सिखाई। आकाश मंडावी ने लकड़ी पर अक्षर उकेरने का प्रशिक्षण दिया। अनुमेहा मंडावी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने रंगीन और सुगंधित मोमबत्तियां बनाईं, जबकि सावित्री साहू ने जूट से टोकरी, फूलदान और सजावटी वस्तुएं तैयार करना सिखाया। वंशिका राजपूत ने पारंपरिक, अरबी और राजस्थानी मेहंदी डिजाइनों का प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों की कलात्मक रुचि को प्रोत्साहित किया। ***सर्वांगीण विकास पर दिया जा रहा जोर :*** प्राचार्य अशोक कुमार बिसेन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कला और सृजन के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। बस्ता-मुक्त दिवस की यह पहल विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, व्यावहारिक कौशल, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक बन रही है। इस तरह विद्यालय में शिक्षा को अधिक रोचक, अनुभवात्मक और कौशल आधारित बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

दिल्ली में नवाचार पेश करेंगे दंतेवाड़ा के 4 युवा वैज्ञानिक

गीदम। इंस्पायर अवार्ड्स मानक योजना के राज्य स्तरीय मुकाबले में दंतेवाड़ा के 4 होनहार छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से शामिल 213 विद्यार्थियों में से कुल 20 का चयन हुआ, जिसमें दंतेवाड़ा ने बाजी मारी। अब आस्था विद्या मंदिर जावंगा के यशवंत नाग (ऑल इन वन वेइंग मशीन) व आयुष जैन (यूनिवर्सल इलेक्ट्रो डेस्क), एकलव्य स्कूल कटेकल्याण के अस्सो सोरी (स्त्राव कलेक्शन मशीन) और मिडिल स्कूल बर्रेम के गुलशन कुमार बरसे (महुआ कलेक्टिंग मशीन) 12 से 15 अक्टूबर 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रदर्शनी में देश के सामने अपना नवाचार प्रस्तुत करेंगे।
इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर व नोडल अधिकारी अमुजुरी विश्वनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं से सत्र 2023-24 के लिए 10 और सत्र 2024-25 के लिए 8 विद्यार्थियों (कुल 18) का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। इन सभी को मॉडल निर्माण हेतु 10000 रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है।

मतदाता सूची ठीक करने बीएलओ की बैठक

बस्तर। निर्वाचन नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए शनिवार को जनपद पंचायत सभागार में बस्तर तहसील के बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया
बैठक में घर-घर सर्वेक्षण कर मतदाता सूची का सत्यापन करने, छूटे पात्र मतदाताओं और जनवरी तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम फॉर्म-6 भरवाकर जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

कुरंदी में 'स्पोर्ट्स फॉर प्रोटेक्शन' प्रशिक्षण संपन्न

जगदलपुर। बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा संचालित बाल विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम कुरंदी में आयोजित तीन दिवसीय 'स्पोर्ट्स फॉर प्रोटेक्शन' प्रशिक्षण का 9 अक्टूबर को समापन हुआ। इसका उद्देश्य खेल-कूद के माध्यम से बच्चों में आत्म-जागरूकता, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और सहानुभूति जैसे जीवन कौशल विकसित करना था।
समापन कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय शर्मा, बाल कल्याण समिति के नोडल अधिकारी गुलशन कुमार भारिया, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष नरेंद्र पाणीग्राही, एसआई सतीश येदुराज, एएसआई शकुंतला और संस्था के सचिव सुशील कुमार पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन उप पुलिस अधीक्षक सुशांता लकड़ा ने किया।

निधन

शिवानी कर्मकार

जगदलपुर। धरमपुरा निवासी शिवानी कर्मकार का हृदय गति रुक जाने से पिछले दिनों निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थीं मुंबई में उनका उपचार चल रहा था। वे पीजी कालेज में पदस्थ रहे शांतनु कर्मकार की माता थीं।



डीईओ ने बालाटिकरा, रोकेल और छिंदगढ़ में सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

आवासीय शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने और सुरक्षित वातावरण देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने व्यवस्थाओं की पड़ताल शुरू कर दी है। कलेक्टर अमित कुमार के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने शनिवार को पोटाकेबिन बालाटिकरा, रोकेल तथा आरएमएसए छिंदगढ़ और रोकेल का निरीक्षण किया। इस दौरान शैक्षणिक गतिविधियों, बच्चों की उपस्थिति, आवासीय सुविधाओं, भोजन, पेयजल, शौचालय और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया। मौके पर सहायक जिला परियोजना अधिकारी आशीष राम भी उपस्थित रहे। मंडावी ने विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रगति को गंभीरता से लेते हुए नियमित पढ़ाई पर जोर दिया। उन्होंने अनुपस्थित बच्चों के पालकों से संपर्क कर उन्हें नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही कमजोर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने को कहा। संस्थाओं में उपलब्ध पेयजल, शौचालय, शयन कक्ष और भोजन व्यवस्था का मुआयना कर साफ-सफाई व गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अनुदेशकों, रसोइयों और भृत्यों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने को कहा गया।

पोटाकेबिन और स्कूलों का औचक निरीक्षण, जांची व्यवस्थाएं

स्वास्थ्य सुविधाओं और अनुशासन पर जोर

बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अधीक्षकों को निर्देश दिए गए कि किसी भी बच्चे के अस्वस्थ होने पर तत्काल उपचार कराएं और जरूरत पड़ने पर अस्पताल ले जाने में देरी न करें। इसके अलावा प्रार्थना, योगाभ्यास और नियमित अध्ययन को बच्चों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा अनुशासित माहौल बनाए रखने पर जोर दिया गया।



सर्वांगीण विकास ही मुख्य उद्देश्य

मंडावी ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर आवासीय सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाना, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार लाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास को गति देना है।

कलेक्टर और सीईओ ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

चिन्नागेलूर और कोंडापल्ली में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दूरस्थ अंचल के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से

- बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा, मुफ्त इलाज और रोजगार की दी जानकारी

कलेक्टर विश्वदीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे ने ग्राम चिन्नागेलूर, भट्टीगुड़ा एवं कोंडापल्ली का दौरा किया। इस दौरान गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया और उनकी समस्याओं, मांगों व आवश्यकताओं की जानकारी ली गई।

कलेक्टर ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गांव में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, शासकीय योजनाओं की पहुंच तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ मिलने की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे ने भी ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मैदानी अमले को ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्रामीणों को आयुष्मान भारत योजना, वीबी रामजी योजना, वनाधिकार पट्टा एवं जॉब कार्ड से संबंधित जानकारी देते हुए रोजगार, आजीविका और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर ने पात्र परिवारों को आवश्यक पंजीयन एवं दस्तावेजी प्रक्रियाएं पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया।

ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज एवं शासकीय सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने आधार कार्ड, बैंक खाता एवं श्रम कार्ड से संबंधित विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर शिविरों के माध्यम से पात्र ग्रामीणों के आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने, बैंक खाता खोलने तथा श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को इन कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से दूरस्थ कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

प्रशासन और ग्रामीणों के बीच संवाद मजबूत

ग्राम चिन्नागेलूर एवं भट्टीगुड़ा (कोंडापल्ली) में आयोजित चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं एवं मांगें सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला। विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी मिलने से ग्रामीणों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक होने का अवसर प्राप्त हुआ। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकता है।

छात्रों को दिए तनाव प्रबंधन के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय और जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को एक विशेष कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के मुख्य प्रांगण एवं सभागार में हुआ,

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला आयोजित

जिसमें विशेषज्ञों ने युवाओं को मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए।

मुख्य अतिथि व नोडल अधिकारी देश दीपक ने छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य केएम प्रसाद ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहद जरूरी है। वहीं समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापक रत्नबाला मोहंती ने समाज में निरंतर बढ़ रही मानसिक समस्याओं और उनके सामाजिक कारणों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय से जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी, सलाहकार अंकित सिंह, चिकित्सा मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिखा सरकार, धारणा ठाकुर, रेशमा एक्का, बंशीधर चौहान, सरला पैकरा, सिद्धार्थ देवांगन, अमित साहू सहित समस्त महाविद्यालयीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

थीम पर चर्चा और योगाभ्यास

संयोजक एवं मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक दिनेश कुमार लहरी ने इस वर्ष की थीम (विषय) पर प्रकाश डालते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी भारती रजक द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें योगाभ्यास के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का संदेश दिया गया।

गायन, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, कविता और वादन में बस्तर की बेटियां रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

विकासखंड बस्तर में खंड स्तरीय सुपर गर्ल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद समीर मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप

- खंड स्तरीय सुपर गर्ल प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने गायन, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, कविता एवं वादन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला में पर्यावरण संरक्षण, भाषण में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा वाद-विवाद में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं में चित्रकला में प्राथमिक से रश्मि बघेल, माध्यमिक से रिद्धि मरकाम व हायर सेकेंडरी से सेलिना बघेल रहीं।



बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर जोर

वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामानंद मिश्रा ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने और अपनी प्रतिभा निखारने के पूरे अवसर मिलने चाहिए। ऐसे आयोजन उनका आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष संतोष बघेल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

गायन में प्राथमिक से तनु बघेल, माध्यमिक से दीप्ति मरकाम व हायर सेकेंडरी से सानिया जैन अव्वल रहीं। भाषण में प्राथमिक से एंजेल बघेल, माध्यमिक से जेसिका ठाकुर व हायर सेकेंडरी से दीपशिखा सेठिया ने पहला स्थान पाया। वाद-विवाद में प्राथमिक से कांची भोयर, माध्यमिक से दिलेश्वरी बघेल व हायर सेकेंडरी से देविका प्रथम रहीं। कविता में प्राथमिक से संगीता, माध्यमिक से कविता मरकाम व हाई स्कूल से अंबिका नाग ने बाजी मारी। वादन में प्राथमिक से कविता यादव, माध्यमिक से प्रज्ञा खंडालकर व हायर सेकेंडरी से अमीना प्रथम रहीं।

खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने प्रतियोगिता के आयोजन में संकुल समन्वयकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना की।

महाराणा प्रताप चौक पर विराजीं मां दुर्गा, नकुलनार में भक्तिमय माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नकुलनार में पारंपरिक रूप से

- गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ हुआ स्वागत, श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि

महाराणा प्रताप चौक पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई। पहले दिन ग्रामीणों ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भव्य आतिशबाजी के साथ मां का स्वागत किया।

गांव की सरहद से स्थापना स्थल तक शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। नकुलनार दुर्गा समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए दूर-दराज से आने वाले पदयात्रियों के लिए विशाल सेवा पंडाल तैयार किया गया है। यहां चौबीसों घंटे श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा की व्यवस्था की गई है, जिसमें ग्रामवासियों और समिति के सदस्यों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।



विधायक लखेश्वर ने तहसीलदार से ली मुआवजा राशि की जानकारी

बाढ़ पीड़ितों से मिले चरणदास महंत, किसानों ने उठाई कर्ज माफी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/घाटलोहंगा

इंद्रावती नदी की बाढ़ से प्रभावित परिवारों की समस्याएं जानने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ग्राम पंचायत कुदालगांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर मकानों की क्षति, फसल बर्बादी और राहत राशि की जानकारी ली। इस दौरान बस्तर विधायक एवं विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने तहसीलदार बस्तर को फोन कर मुआवजा वितरण की स्थिति जानी।

- संघर्ष समिति ने सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

वहीं, इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति ने बाढ़ पीड़ितों के लिए 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर विशेष राहत पैकेज की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इंद्रावती नदी की बाढ़ से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। जोताई, खाद, बीज और मजदूरी पर खर्च करने के बाद फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने नुकसान के अनुरूप मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा कि फसल नष्ट होने की स्थिति में कृषि ऋण चुकाना और अगली खेती की तैयारी करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से कृषि ऋण माफी पर विचार करने की भी मांग की। ग्रामीणों ने आरबीसी 6-4 के तहत प्रति हेक्टेयर 8 000 रुपये की सहायता को नुकसान की तुलना में अपर्याप्त बताते हुए राहत राशि बढ़ाने की मांग रखी। इस दौरान जिला बस्तर कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, शंकर राव, अंकित सिंह, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, पूरन कश्यप, धरम सिंह गोयल, डमरूधर बघेल सहित समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



मकान क्षति के 815 प्रकरण

तहसीलदार बस्तर जाली जेम्स ने विधायक बघेल को बताया कि तहसील क्षेत्र में मकान क्षति के 815 मुआवजा प्रकरण तैयार कर राशि जारी की गई है। इनमें 465 आंशिक और 350 पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के प्रकरण शामिल हैं। इन प्रकरणों के लिए अब तक कुल 3 करोड़ 61 लाख रुपये जारी किए जाने की जानकारी दी गई। बाढ़ प्रभावितों से चर्चा के दौरान मुआवजा राशि खातों में पहुंचने और लंबित मामलों को लेकर भी सवाल उठे। ग्रामीणों ने मांग की कि प्रत्येक पात्र परिवार को सहायता मिलने की स्थिति स्पष्ट की जाए और शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हो।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

ढोढरेपाल स्कूल का औचक निरीक्षण

जगदलपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढरेपाल में सहायक जिला परियोजना अधिकारी जयंती कश्यप एवं व्यावसायिक शिक्षा व आईसीटी जिला नोडल अधिकारी सूरज निर्मलकर ने औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने लैब की व्यवस्थाओं, उपकरणों, प्रायोगिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों की कार्यकुशलता का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ऑटोमोबाइल एवं कृषि ट्रेड की लैब में रखी मशीनों और उपकरणों के उपयोग की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले प्रायोगिक कार्यों, गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।व्यावसायिक प्रशिक्षक खगेंद्र पाढ़ी ने ऑटोमोबाइल लैब में कराए जाने वाले प्रायोगिक कार्यों, विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा उनकी उपलब्धियों से अवगत कराया।

कस्तूरपाल की क्षतिग्रस्त पुलिया का किया निरीक्षण

जगदलपुर। ग्राम कस्तूरपाल में लगभग 1 वर्ष से क्षतिग्रस्त पुलिया की समस्या को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा की टीम निरीक्षण के लिए पहुंची। मौके पर पुलिया की स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना।ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया लंबे समय से खराब होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चों, मरीजों और आम नागरिकों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की है। ग्रामीणों के अनुसार, एम्बुलेंस को लगभग 13 से 15 किलोमीटर अतिरिक्त घूमकर आना पड़ता है, जिससे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में परेशानी होती है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल पुलिया का निरीक्षण करने पहुंचे थे और मरम्मत का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है और वे जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

निधन

बलीराम नेताम

दुर्गूकोंदल। विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिंगी के



आश्रित ग्राम डांगरा निवासी बलीराम नेताम का आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम डांगरा में किया गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामवासी शामिल हुए।

माता रानी के आगमन पर झूम उठा शहर, तैयारियों और श्रद्धालुओं की भीड़ से बढ़ा पर्व का उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर कांकेर शहर में नवरात्रि प्रारंभ होने से एक दिन पहले ही देर रात को शहर में माता रानी के आगमन को लेकर श्रद्धा, उत्साह और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिला। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा माता रानी की प्रतिमाओं के कांकेर पहुंचने पर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। माता के आगमन की खुशी में पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कांकेर शहर के ऊपर-नीचे रोड पर माता रानी के स्वागत का विशेष दृश्य देखने को मिला। सड़क के दोनों छोर पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी।

माता की प्रतिमाओं के आगमन को देखने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। सड़क के दोनों ओर मौजूद श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर अपनी आस्था प्रकट करते नजर आए। परिवारों, युवाओं और बच्चों में भी इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। माता रानी के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में सुबह से ही उत्सुकता बनी हुई थी। ऊपर-नीचे रोड पर जुटी भीड़ ने नवरात्रि के उत्सव की शुरुआत को और भी खास बना दिया। माता की प्रतिमाओं के स्वागत के दौरान आतिशबाजी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रोशनी और उत्साह से भरे इस माहौल में श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

शहर में जगह-जगह दिखाई दे रही भक्तों की भीड़ इस बात का संकेत दे रही थी कि नवरात्रि को लेकर लोगों में कितना उत्साह है। शनिवार 10 अक्टूबर को अंधेरा होते ही जैसे-जैसे विभिन्न समितियों की माता की प्रतिमाएं शहर पहुंचने लगीं, वैसे-वैसे भक्तों का उत्साह भी बढ़ता गया। आतिशबाजी की गूंज, माता के जयकारों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। माता रानी के दर्शन करने और उनके स्वागत के इस खास पल का साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से निकलकर सड़क किनारे पहुंचने लगे।





आस्था, परंपरा उत्साह का संगम

कांकेर में माता रानी के स्वागत का यह दृश्य केवल एक धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर की सामूहिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा की झलक भी प्रस्तुत करता नजर आया। विभिन्न समितियों के साथ श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। माता के आगमन पर लोगों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया।

समितियों की तैयारियों से बढ़ी रौनक

नवरात्रि के अवसर पर शहर की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियां माता की स्थापना और पूजा-अर्चना की तैयारियों में जुटी हुई हैं। माता रानी के आगमन पर स्वागत की विशेष व्यवस्था करना इसी उत्साह का हिस्सा रहा। समितियों और श्रद्धालुओं की सक्रियता से शहर का वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगता नजर आया। माता के आगमन के साथ ही नवरात्रि उत्सव की रौनक बढ़ गई है।

नक्सलवाद से विकास की नई राह पर ग्राम माहला, बनेगा सोलर मॉडल गांव

शिविर में 535 हितग्राही लाभान्वित, 594 आवेदन प्राप्त

कांकेर। कभी नक्सलवाद से प्रभावित रहा कोयलीबेड़ा विकासखंड का ग्राम माहला अब विकास की नई इबारत लिखने जा रहा है। गांव को सोलर मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत चयनित स्थल पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापित कर घरों तक बिजली पहुंचाने की योजना है। वीबी-जी राम जी योजना के तहत पांच ग्राम पंचायतों में 72 लाख 60 हजार रुपए की लागत के नौ विकास कार्यों के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।



535 हितग्राहियों को मिला लाभ

सेवा सेतु शिविर में 110 किसानों को खसरा-बी-1, 124 किसानों को स्वामित्व अधिकार अभिलेख तथा 60 किसानों को किसान किताब प्रदान की गई। इसके अलावा 34 स्कूली बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 महिलाओं की गोद भराई की रस्म तथा आठ बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम माहला में आयोजित सेवा सेतु शिविर के दौरान अतिथियों में सांसद ने कहा कि ग्राम माहला ने नक्सलवाद के कारण भय और हिंसा का दंश झेला है। वर्ष 2010 के आसपास नक्सलियों द्वारा जन अदालत लगाकर 11 लोगों की हत्या कर दी गई थी, जिनमें ग्राम पटेल और गातता भी शामिल थे। इसके अलावा गांव के 25 लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई थी। भय के कारण कई ग्रामीण अपने घर-बार छोड़कर पखांजूर में बसने को मजबूर हुए थे। विधायक विक्रमदेव उसेंडी कहा कि कोयलीबेड़ा विकासखंड का यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से अपेक्षाकृत पिछड़ा हुआ है।

आंदोलन तेज करने का ऐलान

अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग को रावघाट क्षेत्रवासियों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग को अब रावघाट क्षेत्र के ग्रामीणों का भी समर्थन मिल गया है। क्षेत्र के गांव प्रमुखों की बैठक में अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग के समर्थन में एकजुटता दिखाते हुए आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि अंतागढ़ को जिला नहीं बनाया जाता है, तो वे नारायणपुर जिले में शामिल किए जाने की मांग करेंगे।

बैठक में रावघाट क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जिला मुख्यालय से दूरी, खनिज संपदा और प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र से वर्तमान जिला मुख्यालय की दूरी 160 किलोमीटर से अधिक होने के कारण लोगों को शासकीय कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे समय और धन दोनों खर्च होते हैं। विशेषकर ग्रामीणों को विभिन्न प्रशासनिक



कार्यों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, अंतागढ़ को जिला मुख्यालय बनाए जाने से रावघाट सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। इससे सरकारी कार्यालयों तक पहुंच आसान होगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिल सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी मांग क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर की जा रही है। बैठक में ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता अंतागढ़ को जिला बनाना है। यदि शासन अंतागढ़ के बजाय किसी अन्य क्षेत्र को जिला बनाने का निर्णय लेता है, तो वे इसका समर्थन नहीं करेंगे। ऐसी स्थिति में रावघाट क्षेत्र को नारायणपुर जिले में शामिल करने की मांग उठाई जाएगी। अब क्षेत्र के लोगों की नजर शासन के अगले कदम पर टिकी है। ग्रामीणों ने अपनी मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही है।

घर में घुसकर महिला से मारपीट छेड़छाड़ का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई

कांकेर। कोतवाली थानांतर्गत एक महिला के घर में बिना अनुमति प्रवेश कर गाली-गलौज, मारपीट और छेड़छाड़ का प्रयास करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 49 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।



पुलिस टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में महिला प्रधान आरक्षक हितेश्वरी चेलक, सावित्री मरकाम, आरक्षक रोशन राठौर, राधेलाल पोया, रामुराम जुर्री, रुद्र कुमार जुर्री एवं महिला आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोपी का विशेष योगदान रहा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना सिटी कोतवाली कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे आरोपी ने गलत नीयत से बिना अनुमति उसके घर में प्रवेश किया। इसके बाद आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और लात से मारपीट की तथा छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी की पतासाजी शुरू की। पुलिस ने माटवाड़ा मोदी निवासी 49 वर्षीय राजेश जैन पिता स्व. मोजीराम जैन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

खांडीघाट के माता बहादुर कलारिन मंदिर में 52 कलश ज्योत प्रज्ज्वलित

दुर्गूकोंदल। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर खांडीघाट स्थित माता बहादुर कलारिन मंदिर में नौ दिनों के लिए 52 कलश ज्योत की स्थापना की गई है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही मंदिर में पूजा-अर्चना और ज्योत दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है।



ब्लॉक अध्यक्ष जागेश्वर जैन एवं कलार समाज दुर्गूकोंदल के युवा प्रकोष्ठ सचिव ने बताया कि सामाजिक बंधुओं के साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यहां प्रकृति से निर्मित माता बहादुर कलारिन की भट्टी श्रद्धालुओं के आकर्षण का विशेष केंद्र बनी हुई है। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में नौ दिनों तक भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और ज्योत दर्शन का क्रम जारी रहेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए ब्लॉक सचिव आनंद जैन, गौतम जैन, सिकंदर जैन, जगदीश जैन, परसूराम जैन, पलटन जैन और कृष्ण जैन सहित समाज के सदस्य जुटे हुए हैं।

देवगांव में गायता जोहरनी कार्यक्रम

दुर्गूकोंदल। नारायणपुर जिले के ग्राम देवगांव में बेनूर और करंगाल परगना के तत्वावधान में परगना स्तरीय गायता जोहरनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक परंपराओं, देव रीति-रिवाजों, संवैधानिक अधिकारों और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित नरेटी रहे, जबकि अध्यक्षता परगना अध्यक्ष लखन मंडावी ने की।

मुख्य अतिथि ललित नरेटी ने कहा कि समाज के लोगों को अपनी सामाजिक परंपराओं, देव रीति-रिवाजों तथा गांव और घर की व्यवस्था की जानकारी रखनी चाहिए।



साथ ही संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को समझना भी जरूरी है, ताकि लोग जागरूक होकर उनका उचित उपयोग कर सकें। उन्होंने शिक्षा को समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षित नई पीढ़ी ही समाज में जागरूकता बढ़ाने और विकास के नए अवसर प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ललित नरेटी ने युवाओं और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे मेहनत से पढ़ाई करें और शासन-प्रशासन के उच्च पदों तक पहुंचें।

कोकड़ी में पुलिस-जनसंवाद नशामुक्ति-स्वच्छता पर दिया जोर

कांकेर। मोर मितान-कांकेर पुलिस अभियान के तहत पुलिस एवं आम नागरिकों के मध्य संवाद स्थापित करने, जनसहयोग बढ़ाने तथा सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम कोकड़ी में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली कांकेर जितेंद्र साहू की उपस्थिति में नशामुक्ति, स्वच्छता, सामाजिक एकता एवं गांव में शांति और सद्भाव बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजित बैठक में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए युवाओं एवं समाज को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। गांव की सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी पर चर्चा की गई।

छात्रावासों एवं आश्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के बैंक खातों में 2 से 3 दिनों के भीतर अंतरित होगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर त्योहारों के पूर्व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आदिवासी विकास विभाग, कांकेर के अंतर्गत संचालित विभिन्न छात्रावासों एवं आश्रमों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए श्रम सम्मान राशि स्वीकृत कर दी गई है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के अनुमोदन के पश्चात अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 तक कुल चार माह की अवधि की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि आगामी 2 से 3 दिनों के भीतर कोषालय के माध्यम से संबंधित कर्मचारियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के वित्तीय निर्देशों के अनुपालन में श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर पर दैनिक अथवा मासिक वेतन के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को 04 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से श्रम सम्मान निधि प्रदान की जानी है।

इसी क्रम में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से आबंटन प्राप्त होने के बाद पात्र कर्मचारियों के लिए चार माह की श्रम सम्मान राशि की स्वीकृति की कार्रवाई पूरी की गई है। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है।

विधायक ने विजेता टीमों को किया सम्मानित, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

दुर्गूकोंदल। कोदापाखा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी के आतिथ्य में हुआ। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान मैदान में शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा लगाई गई औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग और संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है, बल्कि जरूरत उन्हें उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराने की है।

मेगा स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क जांच परामर्श-उपचार से ग्रामीणों को मिली राहत

कांकेर। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं और सेवा संकल्प अभियान आम लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम तरहुल में जिला स्तरीय सेवा सेतु अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में संबलपुर निवासी राजेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सकों ने उनकी जांच कर आवश्यक परामर्श दिया और उपचार उपलब्ध कराया। शिविर में उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। राजेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर के माध्यम से उन्हें अपने गांव के नजदीक ही स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिली। उपचार के साथ निःशुल्क दवाइयां मिलने से उन्हें काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी हैं, क्योंकि इससे समय और धन दोनों की बचत होती है। ग्राम तरहुल में आयोजित जिला स्तरीय मेगा स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

ट्रेक्टर व बस में टक्कर महिला समेत दो घायल

जगदलपुर। कोड़ेनार थाना क्षेत्र के डिलमिली मुख्य मार्ग में बीती रात लगभग आठ बजे तेज रफ्तार बस व ट्रेक्टर के बीच हुई टक्कर में बस का कण्डेक्टर व एक महिला यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक बैलाडिला से बिलासपुर जा रही राजधानी ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 10 जी 7299 व निलगिरी लकड़ी लदे ट्रेक्टर के बीच टक्कर हो गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डेढ़कोहका में राज्य स्तरीय मिनी मैराथन, भिलाई के आशुतोष रहे प्रथम

चारामा। ग्राम पंचायत डेढ़कोहका में राज्य स्तरीय मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। आठ किलोमीटर की इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भिलाई के आशुतोष बिंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद स्कूल मैदान से दौड़ शुरू हुई। प्रतिभागियों ने ग्राम साल्हेटोला और आवंरी चौक होते हुए निर्धारित आठ किलोमीटर की दूरी पूरी की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आशुतोष बिंद को 7 हजार रुपये, भिलाई के लखन को द्वितीय स्थान पर 5 हजार रुपये तथा संजय मरकाम को तृतीय स्थान पर 3 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले संतोष मरकाम को एक हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया।

पांचवें से 15वें स्थान तक के प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। मैराथन में 12 वर्ष के दो बच्चों ने भी आठ किलोमीटर की दौड़ पूरी कर अपनी प्रतिभा और उत्साह का परिचय दिया। उनके प्रदर्शन से उत्साहित होकर सूर्या नेवेंद्र की ओर से उन्हें विशेष पुरस्कार दिए गए। सभी विजेताओं को मंच पर उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित किया। आयोजन में चारामा पुलिस टीम का विशेष सहयोग रहा।

नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पखांजुर। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पखांजुर पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना पखांजुर पहुंचकर अपनी नाबालिग बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक तेज कुमार वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर बालिका की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि अपहृत बालिका पीव्ही 116 में देखी गई है। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने परिजनों के साथ 11 अक्टूबर को मौके पर घेराबंदी कर बालिका को बरामद किया। वहां संदेह के आधार पर पीव्ही 27 हृदयपुर निवासी सुमन मल्लिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

